माझी | By Manoj Aggarwal

जीवन का मांझी बनके इसने दिखा दिया
मेरी टूटी फूटी नैया को भव पार लगा दिया
जीवन का मांझी बनके ....

विकराल भयानक तूफां मेरी छोटी सी थी नैया
हिचकोले खाये ऐसे लगा डूब जाएगी कन्हैया
कस कर थामी पतवार किनारे पहुंचा दिया
मेरी टूटी फूटी नैया को भव पार लगा दिया

सब देख देख कर सोचें कैसा ये जादू हुआ है
बचने की उम्मीद न जिसकी उसे किस की लगी दुआ है
किस किसको बतलाऊँ अब सहारा श्याम ने दिया
मेरी टूटी फूटी नैया को भव पार लगा दिया

ये दयावान दया निधि दीनो का ध्यान सदा रखता
चाहे जितनी करे नादानी ये प्रेमी पे कृपा करता
रूबी रिधम फ़र्ज़ इसने बखूबी निभा दिया
मेरी टूटी फूटी नैया को भव पार लगा दिया
जीवन का मांझी बनके ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%9d%e0%a5%80-by-manoj-aggarwal/